जहां इसका श्रेय वहां की सरकार और जनता को है, वहां हम भारत सरकार के भी बहुत आभारी हैं कि उसने बड़ी उदारता के साथ और दिल खोल कर हिमाचल प्रदेश की इमदाद की और उसको आगे ले जाने में हमारी हरचन्द सहायता की। इसमें सन्देह नहीं है कि पूर्ण राज्य बनने के बाद हिमाचल प्रदेश की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। हो सकता है कि शुरू शुरू में हमें कई मुश्किलातों का सामना करना पड़े हमें अपने साधनों को बढ़ाने के लिये और अपने खर्चों को कम करने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाने पड़ेंगे। लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि हिमाचल प्रदेश में बहुत पोटेंशल्ज हैं। वहां वन सम्पदा है और नदी-नाले हैं, जिनके पानी से करोड़ों किलोवाट बिजली पैदा हो सकती है। अगर हम इन सब साधनों का ठीक तरह से उपयोग करें, तो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश आर्थिक दृष्टि से एक समृद्ध राज्य बन सकता है। मुझे आशा है कि जिस तरह भारत सरकार ने आज तक हमारा साथ दिया है, उसी तरह भविष्य में उसके और देशवासियों के सहयोग से हम निरन्तर तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे।

आज हमारे देश में लगभग दस केन्द्र शासित प्रदेश हैं। जहां मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हिमाचल प्रदेश एक पूर्ण राज्य बनने जा रहा है, वहां मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि भारत सरकार ने मणिपुर और त्रिपुरा को भी पूर्ण राज्य बनाने की घोषणा की है। यह एक सही कदम है और मैं इसका स्वागत करता हूं। लेकिन इनके अलावा कई दूसरे भी केन्द्र-शासित प्रदेश हैं, जहां के लोग मौजूदा सेट-अप के बारे में संतुष्ट नहीं हैं और वे उसमें तब्दीली चाहते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि देश में जितने भी केन्द्र शासित प्रदेश हैं, उनका जन्म विभिन्न राजनैतिक और ऐतिहासिक कारणों से हुआ है और उनकी समस्याएं भी विभिन्न हैं। यह स्वाभाविक है कि उनकी समस्याओं का एक सा समाधान नहीं हो सकता है। मगर फिर भी हमें यह मान कर चलना पड़ेगा कि अगर उन केन्द्र शासित प्रदेशों को पूर्ण राज्य नहीं बनाया जा सकता है, तो वहां पर जो वर्तमान सेट अप है, वह भी वहां कायम नहीं रह सकता है। आज इस बात की जरूरत है कि उन प्रदेशों के एडमिनिस्ट्रेशन को ज्यादा डेमोक्रेटाइज किया जाए और वहां के लोगों को प्रशासन में ज्यादा हिस्सा दिया जाए। तभी वहां के लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा किया जा सकेगा।

इन शब्दों के साथ मैं फिर भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं और मैं आशा करता हूं कि जो हमारा नया राज्य बनने जा रहा है, उसको इस माननीय सदन का, और इस सदन के द्वारा पूरे देश का, आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**श्री मोलहू प्रसाद** (बांसगांव) : सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। आज की कार्य-सूची की मद 6 में लिखा गया है कि प्रतिवेदन के हिन्दी और अंग्रेजी दोनों संस्करण प्रस्तुत किये जायेंगे, लेकिन हिन्दी संस्करण उपलब्ध नहीं है।

**श्री रवि राय** (पुरी) : सभापति महोदय, इस बिल की हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं

[श्री रवि राय]

की प्रतियां सदस्यों के लिए उपलब्ध की जानी चाहिए थीं। इसमें लिखा है कि दोनों भाषाओं की प्रतियां दी जायेंगी, लेकिन हिन्दी की प्रति नहीं मिली है। हिमाचल प्रदेश की भाषा हिन्दी है, लेकिन सिर्फ अंग्रेजी प्रति मिली है, हिन्दी प्रति नहीं मिली है।

**सभापति महोदय** : कभी कभी बांटने वालों से गलती हो जाती है कि हिन्दी या अंग्रेजी की प्रति नहीं पहुंचाई जाती है। आफिस इस बात का पता लगायेगा कि क्या बात है।

**श्री बलराज मधोक** : सभापति महोदय, मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और हिमाचल प्रदेश की जनता को बधाई देता हूं कि उनकी चिराकांक्षा पूरी होने जा रही है। बेहतर होता यदि यह राज्य एक नए स्टेट्स रीआर्गनाइजेशन के बाद और उसके परिणामस्वरूप बनता। जैसा कि अभी श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने कहा है, इस देश में अन्य स्थानों से भी इस प्रकार की मांगें उठ रही हैं। मुझे खेद है कि भारत सरकार कोई भी काम किन्हीं निश्चित सिद्धान्तों पर और दूर की बात सोच कर नहीं करती है। इस सरकार का यह दृष्टिकोण बन गया है कि आप मुए जग प्रलय—अपना वक्त बिता लें, देश जहन्नुम में जाता है तो भी कोई चिन्ता नहीं। मैं श्री पन्त से कहूंगा कि आज देश भर में जो हालात पैदा हो रहे हैं, उनको देखते हुए वह इस बारे में फिर से विचार करें। आज ही हमने समाचार पत्रों में पढ़ा है कि उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों से यह मांग उठ रही है कि उनका एक अलग राज्य बना दिया जाये। विदर्भ और तेलंगाना की बातें तो पुरानी हैं। इन सब बातों का विचार करते हुए यह बेहतर होगा कि हम शीघ्र ही एक नया स्टेटस रीआर्गनाइजेशन कमीशन मुकर्रर करने का निश्चय करें और उसके लिये कुछ सिद्धान्त तय करें। उत्तर प्रदेश में ब्रज अलग है और अवध अलग है। वे दोनों अच्छे प्रान्त बन सकते हैं और इस प्रकार का उनका विकास अच्छा हो सकता है।

मैंने बहुत बार कहा है कि हिमाचल प्रदेश का नाम तभी सार्थक होगा, जब हिमाचल प्रदेश और जम्मू-काश्मीर इकट्ठे होंगे, क्योंकि उन दोनों को मिला कर ही वास्तविक हिमाचल प्रदेश बनेगा। अभी यह हिमाचल प्रदेश नहीं है, उसका एक अंग मात्र है। ऐसा करके सरकार और भी कई समस्याओं का हल निकाल सकेगी, क्योंकि वे समस्यायें बहुत गम्भीर बनती जा रही हैं। आज काश्मीर में जो हालात हैं, मैं उनके बारे में कोई स्केयर पैदा नहीं करना चाहता हूं। न ही मैं कोई प्राफेट आफ डूम हूं। लेकिन मैं यह जरूर जानता हूं कि यदि सरकार आंखें खोल कर नहीं चलती है, यदि वह वास्तविकता को नहीं देखती है, यदि वह केवल विशफुल थिंकिंग के आधार पर काम करती है, तो सरकार तो डूबेगी या न डूबेगी, लेकिन देश को जरूर ले डूबेगी। जो हालात काश्मीर में बन रहे हैं, उन पर गम्भीरता से विचार करना होगा। उनका इलाज वही है, जो श्री प्रकाशवीर शास्त्री ने सुझाया है, जिसका मैं भी उल्लेख कर चुका हूं।

हिमाचल प्रदेश में लाहौल और स्पीती का ट्राइबल क्षेत्र भी आता है। उसका क्षेत्रफल बहुत बड़ा है और वह लद्दाख के साथ बहुत मिलता-जुलता है। जब जम्मू-काश्मीर का भारत के साथ विलय हुआ था, तो लद्दाख की जनता ने भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री को यह ज्ञापन दिया था कि या तो हमें अलग कर दिया जाये और या हिमाचल प्रदेश के साथ मिला दिया जाये। आज लद्दाख और लाहौल तथा स्पीती अलग-अलग पड़े हैं। अभी तक उन दोनों के बीच में कोई सड़क नहीं थी। अब कुल्लू से मनाली होते हुए लद्दाख तक सड़क

बन गई है। सरकार गम्भीरता से विचार करके लाहौल, स्पीती और लद्दाख, इन तीनों को मिला कर एक यूनियन टेरीटरी बना दे और बाकी हिमाचल प्रदेश को जम्मू-काश्मीर के साथ मिलाकर एक नया राज्य बना दे। यह इस सारे क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिये अच्छा होगा, इसकी राजनैतिक समस्याओं का भी हल होगा और सबसे बढ़कर यह देश की सुरक्षा के लिये भी अच्छी बात होगी। सरकार बाकी देश के बारे में भी एक सुनिश्चित नीति निर्धारित करे, ताकि देश का विकास ठीक ढंग से हो सके। आज स्थिति यह है कि जिधर से दबाव पड़ता है, सरकार उधर झुक जाती है, वह एक जगह एक सिद्धान्त अपनाती है और दूसरी जगह दूसरा। यह ठीक नहीं है।

हिमाचल प्रदेश के अलग हो जाने से दिल्ली पर असर पड़ेगा। अभी तक दिल्ली और हिमाचल प्रदेश को बहुत सी सर्विसिज कामन हैं, पुलिस कैडर और हाई कोर्ट कामन हैं। सरकार हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य बना रही है, मैं उस का स्वागत करता हूं, लेकिन उस को दिल्ली के बारे में भी शीघ्र ही पुनर्विचार करना पड़ेगा। केवल यह कहने से काम नहीं चलेगा कि चूंकि यह राजधानी है, इस लिए हम इस को फुल-फ्लेज्ड स्टेट नहीं बना सकते हैं। एक फुल-फ्लेज्ड स्टेट न बनाते हुए भी दिल्ली के विषय में बहुत कुछ करने की गुंजाइश है और इस मामले में सरकार शीघ्र ही दिल्ली के प्रतिनिधियों से बातचीत करे, ताकि यहां के लोगों को और प्रकार के पग न उठाने पड़ें। हम भी शान्ति और लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। हिमाचल प्रदेश के एक पूर्ण राज्य बन जाने के बाद दिल्ली की समस्या की ओर ध्यान देना और भी आवश्यक हो गया है।

इस बिल में हिमाचल प्रदेश की भाषा की बात कही गई है। वहां पर अभी पच्चीस साल तक अंग्रेजी ही चलेगी। हिमाचल प्रदेश की भाषा हिन्दी है, इस लिए वहां पर हिन्दी चल रही है और हिन्दी ही चलनी होगी। मैं हिमाचल प्रदेश सरकार और डा० परमार से अपील करूंगा कि वे हिमाचल प्रदेश में हिन्दी के साथ साथ डोगरी और पहाड़ी को भी स्थान दें। उन का अपना महत्व है। इस लिए उन का विकास भी साथ साथ होना चाहिए। अगर वहां पर दूसरी भाषा के रूप में किसी भाषा को पढ़ाना है, तो उस के लिए डोगरी और पहाड़ी को स्थान दिया जाये।

जहां तक हिमाचल प्रदेश विधान सभा की सीट्स का सम्बन्ध है, 68 सीट्स रखी गई हैं। कुछ माननीय सदस्य चाहते हैं कि सीट्स की संख्या 80 हो और कुछ कहते हैं कि वह 60 ही रहे। मेरा व्यक्तिगत मत है कि वह पहाड़ी इलाका है, उस की कांस्टीट्युएन्सीज भले ही छोटी हों, उन की आबादी कम होगी, लेकिन उनका फैलाव ज्यादा होगा। अगर सीट्स ज्यादा होंगी, तो ग्रास-रूट्स डेमोक्रेसी की दृष्टि से अच्छा होगा। कि यह बात हम असेम्बली में या पार्लियामेंट में तय करने के बजाय जो अगला डी-लिमिटेशन कमीशन बैठेगा उस पर छोड़ दें। सारी बातें उस के सामने रखी जायं और वह जो निर्णय करे उस पर अमल किया जाय।

इस के साथ-साथ एक और बात पर विचार करना होगा। इस नये हिमाचल प्रदेश में जो कांगड़ा का इलाका शामिल हुआ है वह मुकाबिलतन अधिक पिछड़ा हुआ है। मैं आशा करूंगा कि नये हिमाचल प्रदेश के अंदर इस कांगड़ा के पिछड़ेपन को ठीक करने के लिए अधिक सुचारु रूप से और तेजी से पग उठाए जाएंगे।

फिर यह हिमाचल प्रदेश टूरिज्म के दृष्टि-कोण से बहुत ही पिछड़ा रहा है। हर तरह से टूरिज्म की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश काश्मीर

[श्री बलराज मधोक]

से अधिक है, काश्मीर से अधिक यहां सुरम्य स्थान हैं । लेकिन इस सरकार की नीति काश्मीर की ओर रही । काश्मीर के साथ मेरा नाता है । मैं चाहता हूं कि काश्मीर का विकास हो । लेकिन एक प्रदेश का विकास हो और दूसरा प्रदेश उपेक्षित रहे यह उचित नहीं । तो टूरिज्म की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश की सरकार को भी इसके ऊपर विशेष ध्यान देना होगा और केन्द्रीय सरकार को भी । काश्मीर को आप 4 करोड़ रुपये दें और हिमाचल को 25 लाख रुपये दें यह किसी तरह उचित नहीं है। इसको अधिक रुपया देना होगा ताकि यह काश्मीर के मुकाबिले में आगे बढ़ सके और भारत की जनता यहां का जो सौन्दर्य है उस का रसास्वादन कर सके । फिर वहां पर जो कास्ट आफ लिविंग है वह अधिक है । इसलिए वहां के सरकारी कर्मचारियों को केवल यह सोच कर कि यह स्टेट्स के कर्मचारी हैं ऐसे ही छोड़ देना उचित नहीं होगा । उनको केन्द्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि उससे भी अधिक एलावेंसेज देने होंगे क्योंकि वह दूर दराज के इलाकों से आते हैं और उन को खर्च अधिक पड़ना है, कास्ट आफ लिविंग वहां की अधिक होती है । हर चीज उन को मंहगी मिलती है । इसलिए केवल यह सोच लेने से कि क्योंकि वह स्टेट के कर्मचारी हैं इसलिए हमारी जिम्मेदारी नहीं है, इससे काम नहीं चलेगा । सवाल रहा रिसोर्सेज का तो अभी आपने बताया कि आमदनी वहां की 20 करोड़ है और खर्च 37 करोड़ है । लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि नागालैंड की क्या हालत है ? अर्मी सेक्योरिटी के खर्च को छोड़ कर वहां का खर्च करीब 36 करोड़ है और उसकी अपनी आमदनी 40 लाख है । तो अगर नागा लैंड की अपनी आमदनी 40 लाख होते हुए वहां आप 36 करोड़ रुपया खर्च कर सकते हैं तो हिमाचल को अपनी आमदनी साढ़े 22 करोड़ होते हुए उसको अपने विकास के लिए कुछ और देंगे तो वह ठीक ही होगा । फिर आप ने जम्मू काश्मीर के लिए कितना लोन दिया है यह भी आप देखें । इसलिए मेरी आप से प्रार्थना है कि जब आप ने इस को स्टेट बनाया है तो इस को लिबरली फाइनेंशियल रिसोर्सेज दें ताकि इस का शीघ्रातिशीघ्र विकास हो सके । साथ ही साथ यह बड़ा पहाड़ी इलाका है इसमें कम्युनिकेशन की कमी है । एक उन का सुझाव है कि एक रेल हैड उन को मिलना चाहिए । एक कालका का रेल हैड है जो हरयाना प्रान्त में है मैं उसे लेना नहीं चाहता उनसे लेकिन मैं समझता हूं कि ऐसा कुछ किया जा सकता है जिससे एक बड़ा. रेल हैड हिमाचल प्रदेश को मिल सकता है । वहां पर फल बहुत अधिक होते हैं, और चीजें होती हैं, इसलिए उस के विकास की पोटेंशियलिटी बहुत बड़ी है । इस बात का विचार करते हुए हमें एक रेल हैड उन्हें देना चाहिए । मैं समझता हूं इन बातों को मंत्री महोदय ध्यान में रखेंगे और जो सुझाव मैंने और दिए हैं उन के ऊपर भी विचार करेंगे। इन शब्दों के साथ मैं इस का पुनः स्वागत करता हूं ।

**श्री शिव नारायण** (बस्ती) : सभापति महोदय, मुझे बड़ी खुशी है कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का मैं भी सहयोगी रहा हूं और आज इस गवर्नमेंट ने जो दिया है उसके लिए मैं खासतौर से पंत जी को बधाई देता हूं कि पंत जी ने एक सुन्दर काम किया है। उनके पिता जी भी होम मिनिस्टर थे और वह भी आज होम मिनिस्टर हैं । मैं आशा करता हूं कि वह बाप का अनुकरण करेंगे और ऊंची बात करने के लिए हमेशा रहेंगे । मैं हिमाचल प्रदेश गया था । वहां की हालत को मैं देख आया हूं । वहां गरीबी है । जैसा प्रोफेसर साहब ने कहा कांगड़ा का इलाका इग्नोर न किया जाय । मैं डा० परमार से अपील करूंगा कि आप अपने हिमाचल प्रदेश

में जैसा उसका नाम है हिम और आंचल दोनों सम्मिलित, उसी रूप में सम भाव से उसको देखें। वहां के जो गरीब लोग हैं उनकी हालत बहुत अबतर है, उनकी मदद करें और उसको एक आदर्श स्टेट बनाएं। आज देश में बड़ी गड़बड़ी है और आप बड़ी जिम्मेदारी की जगह पर है। जिम्मेदारी इस मामले में है कि आज देश को मुकाबिला विदेशियों का करना है। आप हमारे बोर्डर के सिपहसालार हैं, आप को देश को पाकिस्तान के हमले से बचाना होगा, फारेन हमले से बचाना होगा। आपको देश की रक्षा करने के लिए नौजवान बढ़िया और अच्छे देने होंगे। मुझे सबसे बड़ी प्रसन्नता इस बात की है कि खेतिहर संघ की जो स्थापना हुई उसकी पहली मीटिंग हमने हिमाचल प्रदेश में की और बड़ा अच्छा स्वागत उसका हिमाचल के लोगों ने किया। मैं उम्मीद करता हूं कि किसानों की हालत को आप देखेंगे और मैं चाहूंगा कि आप उनकी मदद करें, बाग बगीचा वालों को काफी प्रोत्साहन दें। टूरिज्म के मामले में हम सेंट्रल गवर्नमेंट से कहेंगे कि जैसा कि प्रोफेसर ने कहा हिमाचल प्रदेश को काफी रुपया इसके लिए दें और उसे डेवलप करें। देश के प्रत्येक हिस्से की तरफ आपको समभाव से देखना है और बड़ा काम करना है। लेकिन मैं डा० परमार से कुछ कहना चाहता हूं कि आपने हमसे तो डेमोक्रेसी के अंदर रह कर एक बढ़िया डेमाक्रेटिक सेट अप मांग लिया लेकिन वहां पर हिमाचल प्रदेश की जो राजधानी है, शिमला उसके कारपोरेशन को नामिनेट क्यों किया? वहां आपको यह अधिकार देना होगा। वहां की जनता की मांग है। मैं उस दिन गया था वहां और मुझे बड़ा फील हुआ कि अंग्रेजी सिस्टम अब भी वहां आप ने लागू किया हुआ है कि बड़े डाक बंगले पर मोटर बन्द की जाती है। यह गलत बात है। दुबारा मैं शिमला जाऊं तो शिमला में यह प्रतिबन्ध न हो कि फलां जगह पर मीटिंग नहीं कर सकते। वह इस बात को नोट करें, सेन्ट्रल गवर्नमेंन्ट भी इसको देखे और चीफ मिनिस्टर को इस पर गौर करना चाहिए। इफ यू० वांट ए गुड स्टेट, तो डेमाक्रेसी का नमूना पेश करो। इन शब्दों के साथ मैं तहे दिल से उसका समर्थन करता हूं क्यों कि शुरू में हिमाचल के साथियों ने मुझसे कहा था कि हमारी मदद करो, हमने उसमें उनके साथ भाग लिया, दौड़ धूप की और उसमें लिखापढ़ी की। फुल स्टेट आज आप को मिल रही है, आप सुखी रहो, फलो फूलो, यही हमारा आशीर्वाद है। मैं चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश जो एक बड़ा अच्छा स्थान है आबाद हो और देश का रक्षक बने। इन चन्द शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूं।

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN (Chamba): Mr. Chairman, we the Members of Himachal Pradesh are extremely grateful to the Prime Minister....

SOME HON. MEMBERS: Not to Parliament?

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN: Let me now thank the House, after thanking the Prime Minister. I thank the Members of this august House for giving their full support to the Resolution which I brought last year and also the present Bill. This Bill meets the aspirations of not one man or a group of persons; it meets the aspiration of 3.5 million people of Himachal Pradesh. This is a solitary instance in the country where a Union Territory has achieved full statehood by peaceful means and the credit for leading such a movement goes to the Chief Minister of Himachal Pradesh, Mr. Parmar and on our behalf we thank the Chief Minister for getting us full statehood.

There are a few suggestions which I should like to make the Assembly should be of eighty members and not sixty because in a smaller assembly there is greater chance of intrigues and manouvrings. In a larger Assembly there are lesser chances of such intrigues. Apart from that, incentive should not be given to the growth of population. We give more representation to a larger population. On the one hand you are encouraging family planning; on the

[Shri Vikram Chand Mahajan]

other hand you are giving incentives to larger populations. Therefore, I submit that the time has come to have a different view. The terrain of H. P. is very difficult and it is extremely difficult for fewer members to cover such large areas. If one has to go to a village it takes the whole day whereas in the plains one can cover the entire constituency in one or two days. Therefore, I submit that this demand which comes from the people of H. P. should be accepted.

Secondly you have made a provision that only Judges from the Delhi High Court should go to Simla. This is a restrictive provision because when a new High Court is created you take the best judges from all the High Court. For example when the Delhi High Court was created there was no provision that only judges from Punjab would be taken in the Delhi High Court. Judges from Madras, Andhra Pradesh and Mysore were taken in the Delhi High Court. Therefore, I submit that a similar provision should be made so far as Himachal Pradesh High Court is concerned. So, a provision should be made which will enable us to get judges from different high courts.

Apart from that, there is another provision, and there is no mention of it, and that is, the Delhi high court is a high court of original jurisdiction. That is, original cases are tried in that high court. This provision is also being incorporated in the Simla high court, which would cause great harassment to the people of that area, because, for trial in original cases, a person will have to bring witnesses from 400 miles to Simla. In Delhi, this provision can work well, because Delhi, compared to a big State, is a small city and within a range of 20 miles, the people can get together those persons who are required and bring them to the high court. How is a person from 400 miles going to bring witnesses one date after another date? I think this aspect has not been looked into by the Law Ministry, and I request the Minister to seriously consider this aspect.

Thirdly, I want to mention another factor, and that is, the third Pay Commission has made certain recommendations. If Himachal Pradesh had continued as a Union territory, they would be entitled to the benefit, but no provision has been made in this Bill as such protecting their interests. Therefore, I beg to submit that Government should give either assurances that the non-gazetted staff would get the benefit of the Pay Commission's recommendations, of the Government should give grants to the new State of Himachal Pradesh when it comes into existence, covering that gap, so that the Government of Himachal Pradesh could give the enhanced pay and allowances which the Pay Commission recommends.

I have two three more points to which I shall refer quickly. One of them is that the Government should also assure us that the Central Government will keep on giving the necessary aid to the State of Himachal Pradesh after its constitution, to meet its expenses. There are two basic reasons why this commitment should be made. Firstly, this State is backward one, and it has to be brought to the level to which the rest of the country has been brought. Therefore, it is necessary to give additional financial aid to the State of Himachal Pradesh so that it can come up to that level.

The second reason is, it is a border State. The borders of Himachal Pradesh touch the Chinese border, and also the borders of a part of Pakistan.

SHRI BAL RAJ MADHOK: No, Sir. You do not know geography.

SHRI VIKRAM CHAND MAHAJAN: The Kistwar border is hardly two miles (*Interruption*) It is necessary for a border State to get additional finances, so that its economy can be strengthened, and people do not look to the other countries for that purpose. Therefore, I submit that additional financial aid should be given and a guarantee should be given that the deficits will be made up for the next 10 years by the Government of India.

Finally, I again thank the House and Prime Minister and our Minister of State, Shri K. C. Pant, for bringing up this Bill as quickly as possible and for passing it here.

**17.54 hrs.**

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

SHRI S. KANDAPPAN (Mettur) : Mr. Speaker, Sir, I wholeheartedly welcome this Bill, and I am assure the Government would honour their commitment with regard to Tripura, Manipur and the hill State recently constituted, namely, Meghalaya. This is a welcome measure, as pointed out earlier by many friends. But I would like to point out one or two things. Though Himachal Pradesh has got immense potential for development, particularly on the basis of the forest-based industries and tourism, I do not know how far they would succeed with the balance-sheet that they have got for implementing many of the projects that they have in mind.

Apart from that, there is another important aspect to which it may not be irrelevant to refer here. Though these Union Territories have an ambition to become full-fledged States, after attaining Statehood, I do not know whether the Chief Minister would really feel happy with the state of things prevailing in our country today. What they really achieve after getting rid of the position of the Union Territories is, instead of knocking at the doors of the Home Ministry, they knock at the doors of the Finance Ministry, Planning Commission and various other central ministries, which instead of helping in the development of the States, more often come in the way and dampen the initiative of the State. After all, the purpose of the demand for Statehood is development of the State. As was clearly revealed by the minister and other members, they are already having a deficit of Rs. 16 crores. How is it to be made up except by industrialisation ? Mere Statehood is not going to solve problems. It is only one of the steps.

MR. SPEAKER : We can have this academic discussion later on. Don't do it at the cost of Himachal Pradesh.

SHRI S. KANDAPPAN : I have left my academic career in 1960.

SHRI BAL RAJ MADHOK : Since then he is a politician, pure and simple.

SHRI S. KANDAPPAN : How is the Central Government going to streamline it and see that the existing States and the new States coming into being are helped to the maximum extent possible to expedite their industrialisation ?

I would appeal to the minister to take note of the ARC recommendations. As one belonging to the DMK, I have got a different ideology altogether, but I am not explaining it here. The ARC, appointed by Government, made certain recommendations in order to see that the stresses and strains existing in the Centre-State relations are done away with. I want to know what attention the Home Ministry has given to those recommendations.

There are many small thing but the bureaucracy at the centre does not take note of them, resulting in the Centre-State relation being strained. To give a curious and funny example, some months ago from Tamil Nadu there was a request seeking permission from the road wing of the Central Transport Department to lay a pipeline to a particular municipal town. For taking water to a municipal town, they have to lay a pipe-line along the national highway. For that, the rules require that the State Government should get the permission of the Central Government. They have asked for permission, but for six months, nobody has taken care to clear it. I do not know whether the letter was received by the proper authorities here or not. This is a very small thing. Like that there are innumerable things that I can go on enumerating. Unless the Central and administration is streamlined, unless the elements that sometimes dampen the initiative and interest of the States are done away with, there is bound to be this tension, this strain between the Centre and the States. These would impede the development of states rather than helping them. These are small matters. Even without radically changing the constitutional position the government could take administrative measures to set them right.

SHRI P. K. DEO (Kalahandi) : I hope it will not be through the Tamil medium.

SHRI S. KANDAPPAN : That is not relevant. I do not know why the Swatantra Party look at the DMK that way.

[Shri S. Kandappan]

There is demand from the Union Territory of Pondicherry that they should be given statehood. In fact, the demand has been made a little more vociferously during the last few months. I would appeal to the Government to consider that demand sympathetically. In fact, this demand for statehood is mainly due to the irrigations and frictions that normally exist between the Lt. Governor of a Union Territory and the Chief Minister of the legally constituted Assembly. I hope the Government would immediately attend to this and satisfy the demand of the people of Pondicherry.

**श्री हेमराज** (कांगड़ा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। हिमाचल प्रदेश वालों ने जब अपनी मांग रखी तो उसका पूरा-पूरा साथ इस सदन और दूसरे सदन ने दिया। इसलिए मैं सबसे पहले इन दोनों सदनों को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग को पूरा सहयोग दिया और उनकी आशाओं को पूरा किया। आज का दिन इस पार्लमेंट की तारीख में सुनहरे हरूफ में लिखा जायेगा। साथ ही मैं प्रधान मंत्री जी को भी मुबारकबाद देना चाहता हूं। इन पहाड़ के लोगों के सम्बन्ध में उनको पता है कि उनके दिल साफ हैं, वे किसी भी गलत रास्ते पर नहीं जा सकते हैं और हर एक चीज को बड़े शान्तिपूर्ण तरीके से हल करते हैं। इस सिलसिले में उन्होंने जो हमारी मदद की है उसके लिए हम उनको बधाई देते हैं। हमारे पन्त जी चूंकि खुद ही पहाड़ के रहने वाले है इसलिए वे हमारी तकलीफों को अच्छी तरह से समझते हैं। उन्होंने भी इस मामले में हमें काफी सहयोग दिया है इसलिए उनको भी हम धन्यवाद देना चाहते है।

मैं बहुत सारी बातों में जाना नहीं चाहता हूं। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो पहाड़ी प्रदेश बना इसमें तरक्की के लिए काफी से ज्यादा जराये मौजूद हैं। आपको पता है कि जिस समय काम्पोजिट पंजाब था उस समय खयाल हो रहा था कि यह जो पहाड़ी प्रदेश है और यह जो तीन हिस्सों में पंजाब बटा है क्या यह आगे बढ़ सकेगा लेकिन आपने देखा कि आज पंजाब काफी आगे बढ़ा है, एग्रीकल्चर में और स्माल स्केल इंडस्ट्रीज में। हरियाणा भी काफी आगे बढ़ा है और उसी प्रकार से हिमाचल भी आगे बढ़ा है। वह और भी आगे बढ़ सकता है क्योंकि उसके पास बहुत सारे पोटेंशल्स हैं—चाहे वह पानी का पोटेंशल हो या फारेस्ट का पोटेंशल हो। सारी की सारी नेचुरल वेल्थ वहां पर मौजूद है। हो सकता है कि पंजाब वाले अपने दिलों में तरसते हों कि हमने इतनी दौलत लुटा दी लेकिन आपकी कृपा से हिमाचल में सारे कुदरती जराए आ गए हैं। यह जरूर है कि इस सिलसिले में बहुत पैसे की जरूरत पड़ेगी। केन्द्रीय सरकार ने जो फाइनेंशियल मैमोरेंडम दिया है उसमें आखिर में लिख दिया है :

> "but any future increase in the expenditure of Himachal Pradesh will have to be normally met by the Government of the new State by augmenting its revenue."

मैं एक अर्ज करना चाहता हूं कि फोर्थ प्लान जो ओल्ड हिमाचल का था वह 84 करोड़ का था लेकिन जब और इलाके उसमें मिल गए तो वह बढ़ करके अब मुश्किल से 110 करोड़ का बना। आप देखें कि एरिया दुगुना हो गया, आबादी भी दुगुनी हो गई लेकिन उसके हिसाब से पैसा नहीं बढ़ा। इसलिए मैं खास तौर पर केन्द्रीय सरकार से कहना चाहता हूं कि चूंकि वह पहले से ही बड़ी फराखदिल रही है इसलिए अब हिमाचल को बनाने में भी कुछ फराखदिली दिखाये। वहां पर दरियाओं का जो पोटेंशल है उसमें अभी वहां पर सिर्फ 1500 कि० वा० बिजली पैदा होती है जबकि वहां पर 85 लाख कि० वा० बिजली पैदा कर सकने का एस्टीमेट लगाया गया है। अगर वह

85 लाख कि० वा० बिजली बन जाये तो वह सबसे ज्यादा सस्ती होगी। उसको बनाने में दो सौ या ढाई सौ करोड़ रुपए की जरूरत होगी। आजकल हर एक जगह पर बिजली की कमी दिखाई दे रही है ऐसी हालत में अगर केन्द्रीय सरकार हिमाचल प्रदेश को, जोकि अब एक स्टेट बन रही है, ज्यादा रुपया दे तो बिजली की इस कमी को बहुत हद तक पूरा किया जा सकता है।

साथ ही हमारे पास बहुत सी फारेस्ट वेल्थ है जिसका कि बहुत डेवलपमेंट किया जा सकता है। वहां पर टूरिज्म को भी बहुत ज्यादा डवलप किया जा सकता है, जैसा कि अभी मधोक जी ने कहा ! लेकिन उसके लिये जो रुपया मिलता है वह बहुत कम है। यह ठीक है कि हिमाचल प्रदेश की सरकार अपने साधन जुटायेगी, उसके लिये ज्यादा से ज्यादा कोशिश करेगी लेकिन साधन जुटाने के लिये भी जो शुरू में कैपिटल एक्सपेंडीचर की जरूरत होती है, कम से कम वह तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट उसको दे ताकि वहां पर जो नेचुरल रिसोर्सेज हैं उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जा सके और आमदनी को बढ़ाया जा सके।

इसके साथ साथ मैं इस बिल के प्राविजन्स के लिये सेन्ट्रल गवर्नमेंट को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने बड़ी अकलमन्दी के साथ हमारी सीट्स को बढ़ा दिया है—पहले वह 60 थी लेकिन अब 68 कर दिया है। मैं समझता हूं यह जायज चीज है। इससे न तो एक्सचेकर पर ज्यादा बोझ ही पड़ा है बल्कि साथ ही साथ जो लोक सभा की सीट्स कम हुई थीं और जो वहां की तीन नामिनेटेड सीट्स थीं उनको भी पूरा कर दिया है। इसके साथ साथ मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि जो पापुलेशन है वहां की उसके लिये भी काफी घूमने फिरने की आसानी होगी।

अभी मेरे भाई महाजन साहब ने जैसा कहा है कि हाईकोर्ट के लिए आपने राष्ट्रपति की डिस्क्रीशन को दिल्ली तक ही बन्द कर दिया है यानी जो जजेज होंगे वे दिल्ली हाई-कोर्ट से ही लिये जायेंगे। मैं चाहता हूं कि उनके डिस्क्रीशन को वहीं तक महदूद न रखा जाये। हिमाचल प्रदेश के जो जजेज हैं वह पंजाब में भी हैं और दूसरी जगहों पर भी हैं इसलिए दिल्ली तक ही आप इसको महदूद क्यों रखते हैं ? वे दूसरे लोग भी वहां जा सकते हैं और फिर वे वहां के रहने वाले भी हैं।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के जो नौजवान थे उनको आज तक आल इंडिया कम्पटीशन में यू० पी० एस० सी० में बैठना पड़ता था लेकिन अब एक काडर बन गया है इसलिए वे इस धांधली से भी छुटकारा पा सकेंगे।

दूसरे भाइयों ने एक बात और कही कि यह बार्डर की स्टेट है उसके नाते बहुत ज्यादा पैसा मांगते हैं लेकिन उनको खतरा है कि ये बार्डर स्टेट को महफूज नहीं रख सकेंगे लेकिन मैं उनको यकीन दिलाना चाहता हूं कि डोगरा बहादुर जो थे उन्होंने चीन और पाकिस्तान की लड़ाई लड़ी है और उसमें सबसे ज्यादा हमारे डोगरा बहादुर ही शहीद हुये हैं। इसमें अगर सबसे ज्यादा श्रेय किसी को है तो उन्हीं को है। इसलिए मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि हमारे जो बहादुर डोगरा हैं वह देश की रक्षा में कभी भी किसी से पीछे नहीं रहेंगे।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

SHRI M. MEGHACHANDRA (Inner Manipur): Mr. Speaker, Sir, I am grateful to you for having given me an opportunity ta say a few words on the discussion of the State of Himachal Pradesh Bill, 1970.

[ Shri M. Meghachandra ]

As a Member coming from the Union Territory of Manipur, I want to share the joy with the people of Himachal Pradesh. The people of Union Territories have been demanding the grant of State-hood. We have been under a different type of set-up, we are enjoying a subservent status. Even referring to the preamble of the Constitution which provides for equality in States there is no such equality in political status between a State and a Union Territory.

The Union Territories have a long career right from being Part C and Part D States to being administered under the Territorial Councils Act, 1956 and the Union Territories Act, 1963. Under the Union Territories Act, there is the territorial legislature. The territorial legislature has also no paramount power to legislate on subjects mentioned in List II. Then, there is the President administering the Territory through the Administrator.

Again, we do not have a High Court. There is the Judicial Commissioner's Court. The House will appreciate that although the Judicial Commissioner's Court has been given for some purposes some powers under the Constitution, the Judicial Commissioner's Court cannot practically be a High Court. There is a substantial difference. What we the people of Union Territories want is that we should enjoy democracy and that our democratic aspirations should be honoured.

The Government of India on taking a decision that Himachal Pradesh should be given State-hood has come forward with this Bill. I am very happy that this Bill has been brought before the House. I find, in the Bill itself, a paraphernalia of a State. There will be an Assembly consisting of 68 Members, 4 Members in the Lok Sabha, 3 members in the Council of States, a separate High Court, a separate Bar Council and so on. There is also a financial allocation given in the Bill. I whole-heartedly support the Bill.

I also take this opportunity to say that the Government might have brought forward the Bill for Manipur and Tripura. If not done so, the Government should give a definite assurance that the Bill for Manipur and Tripura will be brought forward during the next session, that is, the Budget session. I hope, the hon. Home Minister will be pleased to give an assurance to the House that the Bills for Manipur and Tripura and also Meghalaya will be brought forward in the next session.

Then, there are a few problems which the Government, the Home Ministry as well as the House should take note of. We are sorry that our neighbour State of Nagaland looks unhappy with the grant of Statehood to Manipur. Our problem today is that the Government and the Parliament should confer Statehood as early as possible on Manipur and install a popular Government. At the same time we want an integrated Hill and Plain Development Plan, which is the very need of the hour.

Thirdly, the House is aware that a number of youths have been arrested and detained in jail being charged with a number of alleged offences including waging war etc. for being involved in what is alleged to be formation of a revolutionary Government of Manipur and so on. I would appeal to the Minister that since the youths have expressed their regrets, they should take a sympathetic attitude and show some good gesture in this regard.

With these words, I support the Bill.

SHRI INDER J. MALHOTRA (Jammu): Mr. Speaker, Sir, I am happy that my neighbouring State of Himachal Pradesh is being given a full fledged status of a State.

I would like to point out that as in the State of Jammu and Kashmir where many border problems are there, all kinds of problems are existing in the State of Himachal Pradesh. Likewise, in the field of economic development and other industrial activities also, we share many common problems with them. Likewise too, in the matter of development of communications, water and power, we share very many common problems.

I hope and trust that after Himachal Pradesh gets this full-fledged status of a State, the wise political leadership at the helm of affairs in the respective States of Himachal Pradesh and of Jammu and Kashmir, would

get together to solve the existing inter-State problems and try to coordinate the developmental and other economic projects for the betterment of the people, by which both the people living in Himachal Pradesh area as well as those living in Jammu and Kashmir area can be benefited.

Sir, two or three points have been raised here in this discussion by Professor Bal Raj Madhok and Shri Prakash Vir Shastri. I am sorry, at this moment, they are not here. Probably they believe only in hit and run. Unfortunately I am pained here today to listen to a remark that whenever a reference is made to hilly areas, they say, there is a small population or some little population. But, let me tell you this, and through you to the House, that the population in the hilly areas may be very little, or small, but that is a productive population, not in human population, but otherwise ; this population is hard-working and productive population.

Sir, the biggest wealth of the country lies in our Forests. Forests are needed for the development of orchards. These are areas from where you can get fruits, for the whole country. These forests are being exploited for the good of the whole country. So, whenever it is said: Oh, there is very little population in the hilly areas or very small population, it pains us greatly. We try our best to serve the whole nation and we do not think only of ourselves.

Certain references were made to one point by one or two hon. Members. It is true in the Jammu and Kashmir State area we are confronted by two enemy armies—namely, Pakistan and China. In Himachal Pradesh, we are confronted with the Chinese army. As I said earlier, it becomes very important when we give full Statehood to Himachal Pradesh, that the Centre should not in future shirk the responsibility to see that proper financial and technical assistance is given especially to develop the border areas from the communication point of view so that we can strengthen our borders in a better way.

As usual Shri Bal Raj Madhok has made a very novel suggestion, and today, I was surprised that even Shri Prakash Vir Shastri joined him in making that novel suggestion. He said that after Himachal Pradesh got the status of a full-fledged State, the State of Jammu and Kashmir and the State of Himachal Pradesh should be merged. I am really surprised that a person of his calibre and intelligence who gives some kind of political leadership to a section of the population in this country could make such casual remarks about those things which can really affect the very foundations of our country.

While Shri Bal Raj Madhok welcomes this Bill in one breath, in the other, he says that an existing State should also be merged with this. If he were of this opinion, then why did he not from the very beginning speak against the Bill and stick to that suggestion of his? It is very easy to say that UP should be bifurcated or that UP, Madhya Pradesh and Bihar should be merged because there is political instability. But is it practicable? Is it possible in the present situation existing in our country? Since these are very sensitive problems and are very ticklish issues and these are very sensitive areas and are very sensitive about their problems, such remarks about the problems which affect us so basically should not be made in such a casual and irresponsible manner. I would request these colleagues that in future at least they should be very careful when they make their observations about these things.

SHRIMATI SUSEELA GOPALAN (Ambalapuzha): This is a welcome measure. In fact, this should have been brought forward much earlier. Our Party was opposed to the creation of these Union territories even from the beginning, because they were creating second class citizenship in our country, which was a creation of the imperialist government in our country and which we are still continuing. In a democracy, there is no room for second class citizenship, one set of people having full rights and another set having only partial rights. This situation should be remedied.

Even after 23 years of Independence, there are still large tracts in our country where there is no legislative body at the State level. Tripura is one such. For the last two or three years there has been a strong movement in Tripura demanding full Statehood for Tripura. But

[ Shrimati Suseela Gopalan ]

that has not been conceded. Still, the agitation is going on in Tripura. So far as Manipur is concerned, they were having an elected body even before this Parliament came into existence and before the Constitution was made. They had a representative government there even before. And yet, actually, after Independence, they lost it. While other parts of the country got elected bodies, Manipur lost it and it became a Union territory. In Manipur especially, there are very sensitive problems. For instance, the question of the tribals is there. The tribal people want to join Nagaland area. That is a right demand and it should be conceded, and our party supports that demand. The non-tribal areas should be formed into a State. Likewise in the case of Tripura also, Statehood should be conferred on it immediately.

Actually, the Government should have come with a composite Bill conferring statehood on Himachal Pradesh, Manipur and Tripura. In the fitness of things, that should have been done, but it has not been done. I hope at least in the next session, Government will bring forward the necessary Bill conferring statehood on the other two Union Territories.

We can never countenance a polity under which there is a kind of second-class citizenship in certain areas like Manipur and Tripura.

I welcome this measure as it is. It is a good measure. But the next step should also be taken as I have indicated.

**श्री स्वामी ब्रह्मानन्द जी** (हमीरपुर) : हिमाचल प्रदेश को जो पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया है, इसके लिये मैं सरकार को बधाई देता हूं। लेकिन हिमाचल के अन्दर सरकार ऐसी बननी चाहिए जो नौकरशाही से बचे। नौकरशाही द्वारा सारा पैसा खत्म नहीं कर दिया जाना चाहिए। आज वहां गरीबी बढ़ती जा रही है। ऐसा भी न हो कि वहां गरीबी, बढ़ती जाये। मेरी राय में वहां पर ग्राम पंचायतों को अदालतों के अधिकार दिये जाएं। जो जिला परिषदें हैं उनको अपील के अधिकार दिये जाएं। मैं यह भी चाहता हूं कि हाई-कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को खत्म कर दिया जाए क्योंकि ये सब गरीबों को चूस रहे हैं और इनके अधिकार विधान सभाओं और पार्लिमेंट को दे दिये जाएं। मैं चाहता हूं कि गांव सरकार बनें। जो गांव मर रहे हैं भूख से, वहां गांव सरकार बनें। गांव सरकार के बाद जिला सरकार बने। फिर प्रांत की सरकार बने और उसके बाद यहां की सरकार बने। यहां जो मेम्बर बैठे रहते हैं इनको अपील सुनने का अधिकार दिया जाना चाहिए। कोई जरूरत नहीं है हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की। एक वकील ने मुझसे कहा कि मैं दस हजार रुपये रोजाना लेता हूं। मैं यहां पर पचास रुपये में बैठा रहता हूं। वह यहां मिनिस्टर बनने के लालच में आया होगा। इस तरह से जो लूट मची हुई है और दस-दस हजार रोज लेकर वकीलों द्वारा मचाई गई है, इन वकीलों को भी खत्म किया जाए।

मैं यह भी चाहता हूं कि जो बहुत लम्बे चौड़े राज्य हैं, इनको भी छोटा किया जाए। उत्तर प्रदेश बहुत लम्बा चौड़ा है। इसका कुछ भाग, पश्चिमी भाग हरियाणा में मिला दिया जाए। बुन्देलखण्ड का प्रान्त बनाया जाए। बिहार के जिलों को मिलाकर जहां भोजपुरी बोली जाती है, एक अलग राज्य बनाया जाए। इस तरह से छोटे-छोटे राज्य बनाए जाएं। दिल्ली को हरियाणा में मिला दिया जाए, नई दिल्ली को निकालकर। ये सब जो बिजिनेस मैन हैं ये जाटों से और किसानों से ठीक होंगे, वहां इनको रखा जाये।

आजकल न्यायालयों में क्या होता है। गलत आदमी को फांसी पर लटका दिया जाता है और जो दोषी आदमी होता है वह छूट जाता है। काला कोट पहने हुए वकील कितना ही रुपया लोगों से ले लेते हैं। किसान

का रुपया तो मुकदमेबाजी में चला जाता है। दो-दो करोड़ आबादी वाले राज्य बनाएं और इसमें आप क्षेत्रफल का भी ख्याल रखें। पार्लियामेंट के मेम्बर जो फालतू बैठे रहते हैं, इनको हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अधिकार दिये जाएं। ये जो एम० एल० ए० हैं ये क्या करते रहते हैं ? सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की जरूरत नहीं है। कोई जरूरत नहीं है जजों की। मैं बधाई देता हूं हिमाचल को उसके द्वारा राज्य का पूर्ण दर्जा ग्रहण करने पर। मैं यह भी चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के पांच छः जिले मिलाए जाएं और विशाल हरियाणा बनाया जाए। दिल्ली को भी उसमें मिलाया जाए। दिल्ली को मिलाकर विशाल हरियाणा बनाया जाए। हमारे मधोक जी कह रहे थे कि जम्मू काश्मीर को हिमाचल में मिला दिया जाए। वह अब चले गये हैं। क्यों नहीं दिल्ली को हरियाणा में मिलाया जाए? जरूर मिलाया जाए।

**श्री रवि राय** : यह खुशी की बात है कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए विधेयक यहां पेश किया गया है। वास्तव में हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिये वहां की 35 लाख जनता पिछले कुछ समय से आन्दोलन कर रही थी और यहां भी हम लोग सरकार पर दबाव डाल रहे थे कि हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किया जाए। इन सब दबावों में आकर सरकार इस बिल को लाई और आज इसको हम पास करने जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी इलाका है।

पिछले बीस, बाइस साल का इतिहास इस बात का साक्षी है कि किसी क्षेत्र के लोगों द्वारा आन्दोलन—और हिंसक आन्दोलन—किये जाने के बाद ही सरकार ने पूर्ण राज्य बनाये जाने की उनकी मांग को पूरा किया है। हम लोग इस सदन के सभी दलों के नुमायंदों का एक प्रतिनिधि-मंडल लेकर मणिपुर की राजधानी इमफाल गये थे। हमने सरकार से अपील की थी कि मणिपुर को भी पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाये, लेकिन फिर भी सरकार ने उस मांग को नजर-अन्दाज किया है। इसमें बहुत विलम्ब हो गया है। सरकार को इसी सत्र में वह बिल लाना चाहिये था। श्री पन्त को मालूम है कि कुछ दिन पहले वहां के एक प्रतिनिधि-मंडल ने विभिन्न मंत्रियों से मुलाकात की थी। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार जल्द से जल्दी मणिपुर को भी एक पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिये एक बिल लायेगी।

आजादी के बाद से हम लोग सरकार से यह मांग करते आये हैं कि हिमालय के साथ-साथ रहने वाले सभी पहाड़ी लोगों के विकास के लिये एक क्रैश प्रोग्राम बनाया जाये, ताकि उन लोगों के मन में हमारे देश के प्रति ममता जगे। खास तौर पर तिब्बत पर चीन का अधिकार होने के बाद हमने यह मांग की थी, लेकिन सरकार ने इस महत्वपूर्ण समस्या को नजर-अन्दाज किया है। मैं उम्मीद करता हूं कि हिमाचल प्रदेश के एक पूर्ण राज्य बनने और वहां विधान सभा बनने के बाद वहां की राज्य सरकार अपने क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के लोगों के उत्थान और प्रगति के लिये खास कार्यक्रम बनायेगी।

आप जानते हैं कि इस पहाड़ी इलाके से जुड़ा हुआ उत्तर प्रदेश का बाराहोती क्षेत्र है, जिसके बारे में चीन ने दावा किया था कि वह उसका हिस्सा है। मुझे याद है कि उस समय के प्रधान मंत्री ने कहा था कि वह एक विवादास्पद इलाका है, जब कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्य मंत्री, डा० सम्पूर्णानन्द का कहना था कि बाराहोती इस देश का भाग है और वह विवादास्पद क्षेत्र नहीं है। वह

[ श्री रबि राय ]

इलाका तिब्बत के साथ जुड़ा हुआ है, जो कि माओत्से-तुंग के मातहत चला गया है । मैं सरकार को चेतावनी देना चाहता हूं कि इस मामले में सावधानी से काम ले, और वहां के लोगों के विकास के लिये कुछ काम करके दिखाये, ताकि उनके मन में हिन्दुस्तान की राष्ट्रीयता के प्रति ममता जगे ।

हमारे संविधान में जो गैर-बराबरी की व्यवस्थाएं हैं, उनका नतीजा यह है कि अन्य राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश भी एक पूर्ण राज्य बन जायेगा, लेकिन उसमें ग्राम पंचायत और नगरपालिका आदि जो इकाइयां हैं, राज्य सरकार द्वारा उनको पर्याप्त और उचित शक्ति नहीं दी जाएगी । तामिलनाडु और बंगाल आदि में विरोधी दलों की हकूमतें बन गई हैं, लेकिन वहां की ग्राम-पंचायतों और नगर-पालिकाओं में नौकरशाही का बोल बाला है, उनको कोई पावर नहीं दी गई है । मैं उम्मीद करता हूं कि पहाड़ी जनता राज्य सरकार से यह मांग करेगी, यह आन्दोलन शुरू करेगी कि विकेन्द्रित प्रजातंत्र के आधार पर नगरपालिकाओं और ग्राम पंचायतों को उचित शक्ति दी जाये, ताकि सब लोग अपने-अपने क्षेत्र का समुचित विकास कर सकें ।

हिमाचल प्रदेश की भाषा हिन्दी और पहाड़ी है । मैं चाहूंगा कि पूर्ण राज्य और विधान सभा बनने के बाद वहां का सारा काम-काज और विश्वविद्यालय तथा कालेजों की पढ़ाई-लिखाई हिन्दी माध्यम से हो वहां से अंग्रेजी का तत्काल बहिष्कार किया जाये, ताकि वहां की जनता यह महसूस करे कि उनकी मातृभाषा सरकार के काम-काज में प्रयुक्त की जा रही है ।

मैं हिमाचल प्रदेश के बाशिन्दों को फिर बधाई देता हूं कि बहुत दिनों तक आन्दोलन करने के बाद आज उनको सफलता मिली है । संसद के लिये भी यह एक सुनहरा दिन है । मैं संसद की ओर से भी उनको बधाई देना चाहता हूं और आशा करता हूं कि आगे चलकर उनका राज्य हिन्दुस्तान में एक अच्छा राज्य बनेगा । मैं फिर इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : स्पीकर महोदय, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सालों तक इकट्ठे रहे हैं । इसलिये आज हिमाचल प्रदेश के अपने भाइयों की खुशी में हम लोग भी शरीक हैं । आज हम उनको बधाई देते हैं कि हिमाचल प्रदेश को मुकम्मल स्टेटहुड मिली है ।

मैं इस बात से इत्तिफाक नहीं करता हूं कि हिमाचल प्रदेश के सामने कोई इक्तसादी कठिनाई आयेगी । बिल्कुल नहीं आयेगी । जब पंजाब और हरियाणा की अलग स्टेट्स बनी थीं, तब भी यही दलीलें दी जाती थीं कि हरियाणा भूखों मर जायेगा, पंजाब वायबल यूनिट नहीं है, वह नहीं चल सकेगा, वगैरह ये बोदी दलीलें हैं । हिमाचल प्रदेश के लोग बहुत जफा, ईमानदार सच्चे और बहादुर लोग हैं, जैसे कि पंजाब और हरियाणा के हैं । मैं आपको खुश करने की बात नहीं कह रहा हूं, लेकिन यह हकीकत है कि आज पंजाब हिन्दुस्तान की बेहतरीन स्टेट है, अव्वल नम्बर की स्टेट है, जैसे कि हरियाणा—और महाराष्ट्र भी—बेहतरीन स्टेट्स हैं । मुझे मुकम्मल विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश कुछ दिनों में ही इकानोमिक वायाबिलिटी के लिहाज से एक आला स्टेट बन जायेगा । यह हो सकता है कि उसके डेवेलपमेंट के लिये शुरू-शुरू में सेंटर की तरफ से रीसोर्सिज का इन्तजाम करना पड़े । वहां की फारेस्ट वैल्थ और मिनरल रीसोर्सिज और बिजली का बहुत विकास हो सकता है । उससे सारा नेशन का फायदा होगा । पंजाब और हरियाणा के हम लोग

हिमाचल प्रदेश के बहुत मशकूर हैं, क्योंकि इन दोनों स्टेट्स को, और राजस्थान को भी सारा पानी और बिजली हिमाचल प्रदेश से मिलती है। अगर हिमाचल प्रदेश भाखड़ा के लिये जमीन न देता, जहां से उखड़े हुए लोगों को अभी तक बसाया नहीं जा सका है, तो ये स्टेट्स पानी और बिजली से महरूम रहतीं। हिमाचल प्रदेश के लोगों ने हमारे लिये कुर्बानी की है। पंजाब और हरियाणा के घर-घर में बिजली आ गई है, इसके लिये हिमाचल प्रदेश का पंजाब और हरियाणा के लोगों पर अहसान है।

अभी एक माननीय सदस्य ने आपस में लड़ाने की बात कही। "भुस में आग लगा जमालो दूर खड़ी।" जनसंघ ने आज इस मामले में भी आग लगाने वाली बात की है। मेरे दोस्त इसमें ख्वाम-ख्वाह पालिटिक्स ले आये हैं। उन्होंने कहा कि कांगड़ा के साथ होशियारपुर का इलाका या कालका का हिस्सा हरियाणा से हिमाचल प्रदेश को दिया जाना चाहिये। (**व्यवधान**) श्री मधोक ने जानबूझ कर यह बात कही। यह कोई अच्छी बात नहीं है कि जो भाई और पड़ोसी की तरह रहे हैं, अपने हलवे मांडे के लिये और अपनी पार्टी की ताकत बढ़ाने के लिये उनको आपस में लड़ाने की कोशिश की जाये। यह राजनीति नहीं चलानी चाहिये। यह देश के हित, और इन्सानियत और भाईचारे के भी, खिलाफ है। मैं मिनिस्टर साहब से कहना चाहूंगा कि मेरा जाती खयाल यह है कि ये बाउंडरी के झगड़े खत्म होने चाहियें। कितना पंजाब का इलाका हिमाचल में है, कितना हिमाचल का इलाका पंजाब में है, कितना पंजाब का इलाका हरयाने में चला गया कितना हरयाने का पंजाब में चला गया, हम तंग आ गये हैं इस तरह की बातों से.. (**व्यवधान**) ..मैं यहां की बात कर रहा हूं, मैसूर और महाराष्ट्र की बात नहीं करता। मैं तो यह कहता हूं कि हम इतने दिनों तक इकट्ठा रहे हैं भाई-भाई की तरह से, कोई बात नहीं किसी के पास ज्यादा चला गया, किसी के पास कम चला गया। मैं तो समझता हूं कि कोई अगर इस तरह का हल निकल आए बाउंड्री वाले मामलों के ऊपर चीफ मिनिस्टर आपस में बैठ कर उसे तय कर लें और अवाम तक यह झगड़े न जायं, मधोक साहब जैसे भाइयों को जिसमें यह मौका न मिले कि आपस में भाई-भाई टकराएं और और यह लोग उससे फायदा उठाएं, अगर ऐसा कुछ हो जाये तो बहुत अच्छा होगा। मैं समझता हूं कि इस तरह का दिन आना चाहिये और वह दिन आ गया है। आज के दिन मैं ज्यादा बात नहीं करना चाहता। इस स्टेट में बड़ी पोटेंशियलिटी है। हिमाचल प्रदेश और खास तौर से कुल्लू इस देश में ही नहीं दुनिया में एक बेनजीर खूबसूरत इलाका है। इसी तरह से शिमला और कांगड़ा वैली है। मैं तो कहता हूं कि यह हिन्दुस्तान का स्विटजरलैंड बन सकता है। यह जो चन्द डिफिकल्टीज शुरू-शुरू में आया करती हैं वह डिफिकल्टीज भी कोई नहीं हैं और अगर कोई डिफिकल्टी है तो वह हमारा अंग है और बार्डर स्टेट होने के नाते उसकी बड़ी स्ट्रेटेजिक पोजीशन है, हम उन डिफिकल्टीज को दूर करेंगे इस मौके पर मैं आज हिमाचल प्रदेश के अपने भाइयों को, वहां के चीफ मिनिस्टर को और कैबिनेट को, वहां की पार्टी को बधाई देता हूं कि उन्होंने बड़े पीसफुल वे में सारा काम करा कर हिमाचल प्रदेश के लिये स्टेटहुड हासिल किया है, इसके लिए वह बेहद मुबारिकबाद के मुस्तहक हैं। मैं आपका भी बड़ा मशकूर हूं कि आपने मुझे टाइम दिया।

SHRI BAKAR ALI MIRZA (Secunderabad): Mr. Speaker, Sir, I have been a supporter of small States. Before the States Reorganisation Commission, when I gave my evidence, I proposed that there should be a number of small States just like the United States of America. The obstruction was the big unit of Uttar Pradesh. Nobody wanted to

[ Shri Bakar Ali Mirza ]

break Uttar Pradesh and because of that the whole mentality of the States Reorganisation Commission was so fashioned. I therefore naturally welcome small States, but there must be some principle on which a State is formed. What is the principle on which Himachal Pradesh is formed ? Mr. Pant has simply stated that for the pace of development, they kept Himachal Pradesh separate, though its population was only nine lakhs. Now, it is 28 lakhs. If the pace of development is the basis for the formation of a new State, then, why not this principle be applied to 150 lakhs of people of Telengana who are also backward? Therefore, the principle on which it is being advocated is not understandable.

Secondly, the States Reorganisation Commission has mentioned language as a principle for the formation of States. That principle also does not apply here. Really, what will happen—this I would like the Home Minister to consider seriously—is this. Dogri or Pahadi as they call it is the language of that area, that will be developed. There are other areas also which have the same language. Therefore, there will be another Dogri State. My friend Shri Malhotra got very angry about Jammu and Kashmir. I have read sometime back that the Maharaja of Kashmir himself was in favour of forming a Dogri State with Jammu as the centre. That may not be so, but that idea was prevalent. Therefore, what we are doing is, really you are not doing service to Hindi but you are creating a new language-area in that State or area, which is a border State. The two great wars were largely possible because Belgium was such a small territory in the way that could be crossed over by the army and you are creating a small State in a vulnerable border area of 28 lakhs of people. Did they consult the Defence Ministry before taking this decision ? On the one hand, for 30 lakhs of people, you are creating a State. You want to introduce the Bill, consider it the next day and get it passed in the Rajya Sabha on the third day. On the other hand, I have been pressing the Home Ministry that the Lokpal Bill is pending with the Rajya Sabha from 13th August 1969, but nothing has happened in regard to it.

What you apply to small States like Himachal Pradesh should also apply to Telengana. In one case you are creating a small State and in the other case, you reply to the people with bullets, prisons and promises. I feel that a separate State of Telengana should be formed and I hope the Home Minister will come with a Bill giving Statehood for Telengana.

**श्रीमती लक्ष्मीबाई** (मेडक) : अध्यक्ष महोदय, मैं आप को धन्यवाद देती हूं कि आप ने मुझे थोड़ा सा बोलने का मौका दिया। मैं सेंट्रल गवर्नमेंट को बधाई देती हूं कि वह यह बिल लाई। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं और इस के लिए मैं हिमाचल प्रदेश की सरकार और वहां की प्रजा को भी मुबारिकबाद देती हूं। वहां के लोग बहुत अच्छे हैं, बहुत सीधे सादे हैं, और बड़े अच्छे ढंग से उन लोगों ने काम किया है। लेकिन एक बात यह है, मैं सेंट्रल गवर्नमेंट से अपील करती हूं कि अभी तक तो आपने हिमाचल प्रदेश को यूनियन टेरीटरी रख कर उसे बच्चे की तरह गोद में पाला है, तो अब एकदम से उस को ऐसे ही छोड़ना नहीं, उस को पीछे पीछे देखते रहना और उस की फाइनेंनशियल हेल्प करते रहना क्योंकि बच्चा एकदम बड़ा हो कर हाथ पैर नहीं उठाएगा। वहां पर हिमाचल प्रदेश में मैं देख कर आई हूं, वहां की बहनों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है। वहां रास्ते नहीं होते हैं, पहाड़ों के ऊपर बोझा ले कर वह चलती हैं। तो रास्ते के लिए वहां बहुत पैसा देने की आवश्यकता है। अभी हमारे भाई बोल रहे थे कि यह बोर्डर एरिया है। बोर्डर एरिया है तो उसको चार पांच साल तक ज्यादा मदद, ज्यादा फाइनेंशिल मदद देते रहना चाहिए, यह मेरा सुझाव है। यहां इसी संबंध में मौका मिला है तो आपके जरिए से मैं अपने स्टेट मिनिस्टर को बधाई देती हूं। वह बहुत अच्छा काम करते हैं। उन के पिता जी को हमने देखा है गोविन्द वल्लभ पंत को यह बहुत अच्छे रास्ते पर चलने की कोशिश कर रहे हैं। सभी उनको आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दे रहे हैं और सब लोग उन

को बधाई दे रहे हैं। आज हमको खुशी है हिमाचल प्रदेश अपना स्टेट का स्टेटस ले रहा है।

इस मौके पर यह देख कर हमारे दिल में भी यह भावना होती है कि हमारी भी अपनी स्टेट बने। अभी हमारी एक बहन बोल रही थीं उन्होंने कहा मणिपुर को स्टेटहुड दो, त्रिपुरा को दो लेकिन तेलंगाना का नाम नहीं लिया। मैं जानना चाहती हूं कि डेढ़ करोड़ की आबादी का तेलंगाना क्या इस काबिल नहीं है कि वह स्टेट बन सके? लेकिन यह इसे एक पालिटिक्स बनाकर बैठे हैं वासुदेवन नायर और बैनर्जी साहब....

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर): आप मांग कर तो देखिए, सब देंगे।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई**: कोई देने वाला नहीं है लेकिन हम लेने वाले हैं। आप अगर नहीं देंगे तो हम ले के ही रहेंगे। आप चल कर देख लीजिए, इस बीच में दो एम० एल० ए० की सीट्स का एलेक्शन हुआ उस में तो आप को मालूम है क्या रिजल्ट रहा। दोनों सीटें सेपरेट तेलंगाना को मिली हैं। हैदराबाद की पापुलेशन 18 लाख है, वहां पर कारपोरेशन का एलेक्शन कराने की सरकार की हिम्मत नहीं पड़ रही है। और उसको आर्डिनेंसेज से आगे बढ़ा रही है। तो मैं इस में सब लोगों की मदद चाहती हूं कि सब लोग सम्मिलित रूप से तेलंगाना की स्टेट बनाने की हमारी मांग का समर्थन करें। इस मौके पर मैं हिमाचल प्रदेश को स्टेटहुड का दर्जा देने के लिए सब लोगों को मुबारिकबाद देती हूं। हमारा रास्ता भी साफ है। मैं आप सब लोगों को उस दिन फिर बधाई दूंगी जब आप लोग ऐसे ही हमारी मदद सेपरेट तेलंगाना के लिए करेंगे और आप को हैदराबाद में दावत भी दूंगी।

SHRI S. KUNDU (Balasore): Sir, today is a great day of rejoicing on the birth of the new State in India called Himachal Pradesh. I consider that it is a matter for rejoicing not only for the people of Himachal Pradesh but also for the people of India. We are happy and proud that another State has joined the comity of States of the Indian Union. I consider that I am as much a representative of Himachal Pradesh as Shri Mahajan and Shri Virbadhra Singh. I am happy that my State of Himachal Pradesh has got its statehood.

To be very frank, I have not seen Himachal Pradesh. But I have seen more of Himachal Pradesh through a film which was shown to Members of Parliament. It has great treasure, rich potentialities and vast natural resources. So, it can become a wealthy State of India. When a small country like Israel with a population of three million is drawing six lakhs of tourists a year, the whole of India is not able to draw more than two lakhs of tourists. If properly developed, it is quite possible that Himachal Pradesh would earn crores of rupees as foreign exchange by drawing lakhs of tourists to Himachal Pradesh because it is a beautiful country with snow-capped mountains, blue waters and velvet-green meadows. It is indeed a beautiful place.

SHRI VASUDEVAN NAIR (Peermade): May be, he is fed up with Orissa.

SHRI S. KUNDU: I am as much in love with Kerala as with Orissa.

MR. SPEAKER: If you are a newly-married person, you should go there for honeymoon.

SHRI S. KUNDU: The State of Himachal Pradesh will have a lot of liabilities. I hope they will stand with courage and conviction to meet this challenge of the new liabilities. I am happy they have got released from this system of administration by the Under Secretary of Home Ministry. This has opened a new vista in Indian history. The concept of re-organisation of States only on the basis of language has become old. So, problems of areas like Telengana and Manipur could be considered a new. Fresh thinking is necessary to look into the problems and grievances of other areas. The idea that if you grant statehood to a small area it will disintegrate is a dangerous one to which I do not subscribe. If there are special problems in particular areas

[ Shri S. Kundu ]

and if they are not identified by those who live in that area, that will lead to disintegration. So, we would welcome the emergence of Manipur, Tripura, Meghalaya and also Pondicherry.

I would not go deep into all these problems but I will take friends from Himachal Pradesh through some of the amendments which I have given notice of. As Swamiji said very clearly, some of the issues must be raised here. One of the issues which I have tried to raise through my amendments is how less the expenditure of this State should be.

MR. SPEAKER : That you may try later on.

SHRI S. KUNDU : At least the luxurious and extravagant expenditure which we poor people of this country have to meet for the office of the Governor could be shared between two States. Therefore I have given notice of an amendment saying that there would be one Governor for Haryana and Himachal Pradesh and that the expenses would be shared by the two States.

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI RAGHBIR SINGH PANJHAZARI) : You can say, Punjab also.

SHRI S. KUNDU : I could not venture about Punjab because of the Speaker and yourself.

I would plead with the Minister to accept it. I have discussed it with some of the friends from Himachal Pradesh who said that they were prepared to do without any Governor.

Through another amendment, which I have given notice of, I have said that when the Governor authorises expenditure out of the Consolidated Fund of Himachal Pradesh, he must see that not more than 50 per cent is spent from its own resources on establishment. You will be shocked to know that the resources of some of the States are so small that the expenditure on establishment is much more than what they actually raise through their resources. I will take, for instance, the case of Orissa. Its own resources are about Rs. 48 crores and the expenditure on bureaucracy and establishment is Rs. 61 crores or Rs. 62 crores. The other things are met by getting some aid and its quota of Central taxes from the Government of India. Therefore I say that if you want to make Himachal Pradesh a really beautiful and economically viable State, you must draw that line and you must say that not more than 50 per cent of the expenditure from its own resources should be spent on establishment.

Through you another amendment I have said that within four months of the Bill being passed into an Act, they should go in for a general election. The people must elect their new Members.

SHRI PREM CHAND VERMA : Why ?

SHRI S. KUNDU : There are many very good members and, I am sure, if they hold an election they will again be returned to the Assembly. I have no hesitation and doubt about it.

With all these things, I again wish all the best for Himachal Pradesh. I hope, they will join the other States of India to make India a rich and prosperous country.

SOME HON. MEMBERS : *rose*—

MR. SPEAKER : You have not given your names and then you suddenly get up. I have already accommodated one or two Members besides your list. I am not going to allow more...... (*Interruption*). The hon. Minister.

**19.00 hors.**

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त** : अध्यक्ष महोदय, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जितने माननीय सदस्यों ने इस बहस में भाग लिया, सभी ने हिमाचल प्रदेश के राज्य बनने पर वहां की जनता को, वहां के नेताओं को और इस सदन में हिमाचल प्रदेश के सदस्यों को बधाई दी और मैं भी उनके साथ हिमाचल प्रदेश की जनता को, वहां के मुख्य मंत्री को, वहां की असेम्बली के सदस्यगणों को और हिमाचल

प्रदेश के अपने साथियों को इस अवसर पर बधाई देता हूं। आज का दिन हिमाचल प्रदेश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायगा। एक बहुत लम्बा रास्ता तय करके वह अपनी मंजिल पर पहुंचे हैं और बहुत दिनों से उनकी इच्छा रही है कि अन्य राज्यों की भांति उनका राज्य हो, अपना कारोबार खुद चलाने का उन्हें अधिकार मिले। इससे जिम्मेदारी भी उन पर आती है और उस जिम्मेदारी की ओर कई माननीय सदस्यों ने इशारा भी किया है। लेकिन आज हम सबको इस बात की तारीफ करनी चाहिए कि हिमाचल प्रदेश ने अपनी मंजिल तक पहुंचने में तोड़-फोड़ का रास्ता अख्तियार नहीं किया। शांतिमय ढंग से उन्होंने अपनी बात उठाई और सारे देश के सामने एक मिशाल पेश की कि किस तरह से कानूनी ढंग से, जनतांत्रिक ढंग से और संवैधानिक ढंग से जनता की इच्छा को पूरा किया जा सकता है।

जहां तक उन मुद्दों का प्रश्न है जोकि इस विधेयक से सम्बन्ध रखते हैं, जैसे कि इस बात की चर्चा की गई है कि वहां की विधान सभा के कितने सदस्य हों—कुछ माननीय सदस्यों ने 60 कहा, कुछ ने 80 कहा और कुछ संशोधन ऐसे हैं जिनके द्वारा माननीय सदस्य 48 सदस्य वहां पर रखना चाहते हैं। मैं समझता हूं बहुत सोच विचार कर जो 68 की संख्या पर हम आए हैं वह ठीक है और इसलिए ठीक है कि उससे उन साथियों को भी मौका मिलता है जोकि पार्लमेंन्ट में नहीं आये क्योंकि यहां की 6 सीट्स में 4 सीट्स रह जायेंगी और जो 3 नामिनेटेड मेम्बर्स हैं उनकी जगह भी तीन आदमी आ जायेंगे। चूंकि उनका मल्टिपुल होना जरूरी है इसलिए 68 की संख्या रखी गई है। जहां तक मैं समझा, यह सारा सदन सिर्फ कुछ लोगों को छोड़कर इसका समर्थन करता है। आगे के लिए डिलिमिटेशन कमीशन के सामने जाकर अपनी बात रख सकते हैं ताकि आगे के लिए डिलिमिटेशन कमीशन जितनी संख्या माने उतनी संख्या असेम्बली में हो सकती है।

रंगा जी ने इस बात की चर्चा की कि वहां पर ट्राइबल्स और शेड्यूल्ड कास्ट्स की रिजर्व्ड सीट्स हैं या नहीं। जाहिर है वहां सुरक्षित सीट्स हैं—शेड्यूल्ड कास्ट्स की 16 और ट्राइबल्स के लिए 3 हैं। और जब कि हिमाचल प्रदेश राज्य बन जायेगा तो जो हमारे संविधान में फिफ्थ शेड्यूल है वह भी वहां पर लागू किया जा सकता है। राष्ट्रपति उसको लागू कर सकते हैं। वे ट्राइबल एरिया को शेड्यूल एरिया करार कर सकते हैं। इस तरह से यह फिफ्थ शेड्यूल को जो विशेष प्राविधान है उनको भी जो सीमावर्ती क्षेत्र हैं उन पर लागू किया जा सकता है।

जहां तक सीमावर्ती क्षेत्रों या ट्राइबल क्षेत्रों के विकास का प्रश्न है, राज्य सरकार को अपने ऊपर यह जिम्मेदारी लेनी होगी। हां, केन्द्र जो सहायता कर सकता है जैसे कि अन्य स्थानों पर करता है, केन्द्र और योजना आयोग भी इसमें सहायता करने की कोशिश करेंगे।

प्रेम चन्द वर्मा जी ने एक सवाल यह उठाया कि थर्ड पे-कमीशन की जो सिफारिशें हैं वह भी हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों पर लागू की जायें। उन्होंने मुझ से पहले चर्चा की थी। वे वहां के कर्मचारियों के नेता हैं। पिछले दिनों जब वहां के कर्मचारियों ने अपनी मांगें खड़ी की थीं तो उस सम्बन्ध में उन्होंने काफी दिलचस्पी ली थी। लेकिन मैंने उनको बताया है कि थर्ड पे-कमीशन की सिफारिशें हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों पर इसलिए लागू नहीं हो सकती है कि जब राज्य का दर्जा उनको मिल गया तो राज्य सरकार का ही हक होता है कि अपने कर्मचारियों को क्या दे या क्या न दे। थर्ड पे-कमीशन की सिफारिशें हम न तो उन पर लागू करना चाहते हैं और न लागू कर ही सकते हैं।

[ श्री कृष्ण चन्द्र पन्त ]

कुछ चर्चा दूसरे राज्य पुनर्गठन आयोग के बारे में की गई। इसका उत्तर पहले भी दिया जा चुका है। मैं समझता हूं अगर दूसरा उस तरह का राज्य पुनर्गठन आयोग बनाया गया तो जहां आज झगड़े नहीं हैं वहां भी झगड़े खड़े होने का अन्देशा है। हमारे देश में इस तरह के जो प्रश्न हैं उनको हम एक-एक करके हल करते जा रहे हैं। आज हिमाचल प्रदेश का बिल आया है, मनीपुर त्रिपुरा के बारे में निर्णय ले लिया गया है और मेघालय के बारे में भी निर्णय लिया जा चुका है। कुछ सदस्यों ने कहा है कि उसके बारे में भी यहां पर जल्दी से जल्दी विधेयक लायें तो इस पर हम विचार कर रहे हैं, ये पेचीदा सवाल हैं, उसके सभी पहलुओं पर विचार करके यहां पर अवश्य विधेयक लायेंगे।

एक और प्रश्न दिल्ली के हाईकोर्ट के जजेज के बारे में है। महाजन साहब ने क्लाज 22 की यहां पर चर्चा की और शायद हेमराज जी ने भी उसकी चर्चा की। अगर वे उसको ध्यान से पढ़ेंगे तो उस क्लाज 22 में यह नहीं है कि केवल दिल्ली की हाईकोर्ट से ही जजेज ले सकते हैं बल्कि यह है कि अगर लेना चाहें तो दिल्ली से वहां जा सकते हैं या प्रेसीडेन्ट वहां से भेज सकते हैं। यह इनेब्लिंग क्लाज है। इनेब्लिंग क्लाज इसलिए है कि दिल्ली की हाईकोर्ट है उसमें एक बेंच है जिसमें वहां के दो जजेज बैठते हैं लेकिन बाद में वहां पूरी हाईकोर्ट होगी तो कम से कम तीन जजेज बैठेंगे इसलिए कम से कम तीन में से एक जज ऐसा होना चाहिए जिसको काम करने का पुराना अनुभव हो। इसलिए एक पुराना चलता रहे, यह जरूरी लगता है और उसके बाद दूसरे जजेज कहीं से भी जा सकते हैं—इसका अधिकार आज भी है। दूसरे राज्यों से, जहां से चाहें अच्छे जज जा सकते हैं इसलिए इसमें कोई रोक नहीं है। मैं समझता हूं जो आशंका थी वह अब दूर हो गई होगी।

कुण्डू साहब ने कामन गवर्नर के सम्बन्ध में कहा है, लेकिन यहां पर कामन गवर्नर के लिए एग्रीमेंट होता दिखाई नहीं देता। कुण्डू साहब अगर राजी करा ले दोनों राज्यों को तो विधेयक में उसको रखने की जरूरत नहीं है, वह वैसे भी किया जा सकता है।

जहांतक आर्थिक स्थिति का प्रश्न है, चौथी योजना में हिमाचल प्रदेश को जो प्लान असिस्टेन्स दी जा रही है वह दी जायेगी। 104 करोड़ रुपए जो एलोकेट किये गए हैं वह पर-कैपिटा 292 रुपए आते हैं जबकि अखिल भारतीय पर-कैपिटा के आंकड़े 134 रुपए ही हैं। आगे के लिए जैसे अन्य राज्यों के लिए फाइनेन्स कमीशन और नेशनल डेवलपमेन्ट कौंसिल विचार करती है वैसे ही इस राज्य के सम्बन्ध में भी विचार करेगी। आखीर में मैं यही कहना चाहता हूं जैसा कि और कई सदस्यों ने भी कहा है कि जितने साधन हिमाचल प्रदेश के लोग और हिमाचल प्रदेश की सरकार अपने विकास में लगा सके उतना ही अच्छा है। जितने ही साधन वे अपने विकास में लगायेंगे उससे एक तो जो उनके प्राकृतिक साधन हैं जोकि बहुत काफी हैं उनका पूरा उपयोग हो सकेगा हिमाचल प्रदेश का विकास होगा और साथ ही देश को भी शक्ति मिलेगी क्योंकि वह एक सीमावर्ती प्रदेश है।

अन्त में मैं एक बार पुन: हिमाचल प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई देता हूं और चाहता हूं कि वे तरक्की करें। इस सदन की और मेरी सारी शुभकामनायें वहां की जनता के साथ हैं।

MR. SPEAKER : The question is :

"That the Bill to provide for the establishment of the State of Himachal Pradesh and for matters connected therewith, be taken into consideration."

*The motions was adopted.*

MR. SPEAKER : We go to Clause-by Clause consideration. I find that the Members in whose names some amendments are there are not present in the House. Let us go Clause by Clause.

For Clauses 2 to 4, there are no amendments. The question is :

"That Clauses 2 to 4 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 2 to 4 were added to the Bill.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That clauses 5 to 9 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 5 to 9 were added to the Bill.*

*Clause 10 (Provision as to Legislative Assembly as Constituted on the appointed day).*

SHRI S. KUNDU : I beg to move :

Page 4, *after* line 9, *insert* :

"(5) Within four months from the day the Himachal Pradesh gets the State hood after the passing of this Bill to an Act, the General Election will be held in Himachal Pradesh to elect its members to the newly constituted Legislative Assembly." (33)

In this amendment, I have said that within four months they should go in for elections. It is precisely because they have a Union territory assembly now....

MR. SPEAKER : Let him not be very hard on them.

SHRI S. KUNDU : These are brave people. Why should they be afraid of elections ? I do not understand why my Hon. friend Shri Premchand Verma should be so much afraid. I hope the Hon. Minister will accept this amendment.

**श्री प्रेम चन्द्र वर्मा** : हम कल एलेक्शन लड़ सकते हैं, लेकिन तीन महीने वह बर्फ से ढका रहता है ।

**अध्यक्ष महोदय** : सारी बातें तो हिमाचल प्रदेश की कहीं, अब कुछ थोड़ा सा उनको अफेक्ट करता है तो उनको भी कह लेने दीजिये ।

**श्री स० कुण्डू** : इसी लिये चार महीना रक्खा, तीन महीना नहीं रक्खा ।

It will take some time to get the President's assent, and then it will be April by that time. Then, it should be possible to hold the elections.

SHRI K. C. PANT : The present Members are also elected on adult franchise. Since it will be very hard on them, I hope Shri S. Kundu, will, as usual, relent.

MR. SPEAKER : We did it earlier also. People who came from other States also, at the time of reorganisation of States had the same privileges. I think the Hon. Member must have been aware of this. Is he pressing his amendment ?

SHRI S. KUNDU : In view of the Hon. Minister's statement that it will be hard on them, I am not pressing it.

MR. SPEAKER : Has the Hon. Member leave of the House to withdraw his amendment ?

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes.

*Amendment No. 33 was, by leave, withdrawn.*

MR. SPEAKER : I shall now put Clauses 10 to 14 to vote.

The question is :

"That Clauses 10 to 14 stand part of the Bill".

*The motion was adopted.*

*Clauses 10 to 14 were added to the Bill.*

*Clause 15 (Allocation of seats in the Legislative Assembly).*

MR. SPEAKER : Shri Virbhadra Singh has an amendment. Is he moving it ?

SHRI VIRBHADRA SINGH : I am not moving it.

SHRI RAGHUBIR SINGH SHASTRI (Baghpat) : If the others are not moving, then I am also not moving.

MR. SPEAKER : I hope Shri S. Kundu is also not moving.

SHRI S. KUNDU : As I always obey you, I am also not moving my amendment.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : To-day is a peculiar day. Only you are moving, but we are all sitting and not moving.

MR. SPEAKER : I thank him very much for this. He has a very fine sense of humour sometimes, which enlivens the whole House. We very much want him to keep on sitting here.

The question is :

"That Clauses 15 to 23 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 15 to 23 were added to the Bill.*

**Clause 24 (Special provision relating to Advocates and Bar Council)**

*Amendments made* :

At page 8, in line 8, for the brackets and letter "(a)", the brackets and letter "(b)" shall be substituted. (45)

Page 8, line 15, *omit* "in accordance". (51)

( Shri K. C. Pant )

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clause 24, as amended, stand part of the Bill".

*The motion was adopted.*

*Clause 24, as amended, was added to the Bill.*

**Clauses 25 to 34**

SHRI S. KUNDU : I had given notice of an amendment to Cl. 33. I might be allowed to move it. I want to place it on record.

MR. SPEAKER : I have not got it.

SHRI S. KUNDU : All right.

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clauses 25 to 34 stand part of the Bill".

*The motion was adopted.*

*Clauses 25 to 34 were added to the Bill.*

**Clause 35 (Allowances and privileges of Governor of Himachal Pradesh)**

SHRI SHIVA CHANDRA JHA : I beg to move :

Page 11, line 40, *add* at the end "but not exceeding rupees two thousand per month." (11)

जो विधेयक आज पास हो रहा है उसका मैं स्वागत करता हूं, लेकिन जब नया राज्य बन रहा है तब सरकार का यह कर्तव्य भी हो जाता है कि जो मौजूदा परिस्थिति है उसके मुताबिक नये कदम भी उठाये जायें, मौलिक कदम उठाये जायें। मेरी समझ में आज समय का तकाजा है कि आमदनी पर सीमा लगाई जाये। आज जो हिमाचल प्रदेश का राज्य बना रहे हैं वहां पर आप का जो गवर्नर होगा उसकी तन्ख्वाह और राज्यों के मुताबिक ही होगी। क्या यह अच्छा नहीं होगा कि हम यहां से नई शुरुआत करें, और जो हिमाचल प्रदेश का गवर्नर होगा उसकी तन्ख्वाह कम रक्खें। आज हमारे समाज की मांग है कि हायेस्ट सीलिंग तन्ख्वाह की 2,000 रु० रक्खी जाये। वैसे तो 1,500 रु० ही काफी है लेकिन चूंकि काफी मंहगाई है इसलिए उसको 2,000 भी रक्खा जा सकता है। क्या आप इस तरह से शुरुआत नहीं कर सकते ?

हम एक नया राज्य बना रहे हैं। आज जब आमदनी पर सीलिंग लगाने की बात चल रही है, आर्थिक रूप से प्रापर्टी पर सीमा लगाने की बात कर रहे हैं, जमीन की हदबन्दी की बात कर रहे हैं, तब नये गवर्नर से इस चीज की शुरुआत हो सकती है। अभी कहा गया कि खर्च में कमी करने के लिये दो राज्यों का एक गवर्नर बना दिया जाये। लेकिन मैं समझता हूं इससे एफिशिएन्सी पर चोट पड़ेगी। इसलिये आय पर सीमा लगाना अधिक अच्छा होगा। इसलिये मैंने संशोधन दिया है कि उसकी तन्ख्वाह 2,000 रु० से ज्यादा नहीं होनी चाहिये। इस तरह से गवर्नर जो होगा वह समाज में एक नया आदर्श उपस्थित करेगा। हमारे समाज में एक मजदूर की आमदनी के मुकाबले में 2,000 रु० भी बहुत ज्यादा है।

मेरा अनुरोध है कि इस संशोधन को स्वीकार कर दिया जाये।

SHRI S. KUNDU : I beg to move :

Page 11, line 40, *add* at the end.

"and the Governor for the State of Haryana should also be authorised to be the Governor of Himachal Pradesh and vice-versa, as the case may be, and the salary, allowances and emoluments etc. of the Governor be shared by the two States as provided in the law". (39)

This is about a common Governor. The Minister has no objection in accepting it. He says so. I hope the Himachal Pradesh Government would also not have any objection in implementing this. In the interest of the economy of the poor State, I would commend this amendment for acceptance.

I want to put it on record that I gave notice of amendment to Clasue 33 at 3 p. m. reading as under :

Page 11, *after* line 17, *insert*—

"Provided further that the Governor while authorising such further expenditure from the Consolidated Fund of the State of Himachal Pradesh shall take care to see that not more than fifty per cent of expenditure on establishment is made from the resources raised by taxes by the Government of Himachal Pradesh."

MR. SPEAKER : That Clause has already been passed.

I put amendment No. 11 to the House.

*Amendment No. 11 was put and negatived.*

MR. SPEAKER : I put amendment No. 32 to the House.

*Amendment No. 39 was put and negatived.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clauses 35 to 38 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 35 to 38 were added to the Bill.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clause 39 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 39 was added to the Bill.*

**Clause 40 (Provision relating to certain Services)**

SHRI SHIV CHANDRA JHA : I beg to move :

Page 14, line 45,

*for* "three years" *substitute* "five years". (12)

जिस तरह से आई० ए० एस० अफसर तथा पुलिस सर्विस वाले काम करेंगे उसी तरह से सैंट्रल हेल्थ सर्विस वाले भी वहां काम करेंगे और वे डेपुटेशन पर वहां रहेंगे और उसके बारे में आपने यह कहा है कि डैपुटेशन पीरियड जो है वह तीन साल से ज्यादा नहीं होगा। आई० ए० एस० तथा पुलिस के लोगों के बारे में सोचा जा सकता है कि ज्यादा देर तक आप उनको वहां न रहने दें और

[ Shri Shiv Chandra Jha ]

उनको वापिस बुला लें । लेकिन हैल्थ वाले जो हैं उनके लिए जो आपने तीन साल की मियाद रखी है, वह कम है। अगर आप यह कहते कि और लोगों के मुकाबले में वे तनदुरुस्त ज्यादा रहते हैं, बीमार कम पड़ते हैं, इस वास्ते उनकी जरूरत नहीं है वहां तीन साल के बाद तो हम मान सकते थे। लेकिन ऐसा आप नहीं कहते हैं । उनके वास्ते भी आपने जो यह तीन साल की अवधि रखी है, यह कम है और इसको आप पंचसाल कर दें।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त**: सोचा यह गया है कि तीन साल के अन्दर हिमाचल प्रदेश सरकार अपनी हेल्थ सर्विस आर्गेनाइज कर लेगी, इस वास्ते तीन साल यहां रखा गया है। अगर उसके बाद भी उनको आवश्यकता होगी तो डेपुटेशन पर वहां वे इनको ले सकते हैं।

MR. SPEAKER : I put amendment No. 12 to the House.

*Amendment No. 12 was put and negatived.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clauses 40 to 45 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 40 to 45 were added to the Bill.*

**Clause 46 (Amendment of Article 210 and Article 239A)**

SHRI SHIVA CAANDRA JHA : I beg to move :

Page 16, line 8,

*for* "twenty-five years" *substitute*

"twenty-two years" (13)

धारा 46 भाषा को लेकर है। संविधान जब बना था तो उसमें व्यवस्था की गई थी कि पंद्रह साल तक अंग्रेजी चलेगी। बाद में इसको दस साल के लिए और बढ़ा दिया गया। इस तरह से इसको पच्चीस साल कर दिया गया। सारे देश के लिए जिस चीज को आप लागू करना चाहते हैं, वही आप हिमाचल प्रदेश पर भी लागू करना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि यहां आप एक नया कदम उठाते। हिमाचल हिन्दी भाषी राज्य है। इसी राज्य से आप इसकी शुरुआत कर सकते थे। यहीं से आप अंग्रेजी के खात्मे की बात को शुरू कर सकते थे। आपको ऐसा करने के लिए एक अच्छा मौका मिला था। पच्चीस साल की जगह अगर बीस साल नहीं तो 21 या 22 साल आप रख सकते थे। यह एक नई चीज थी जो आप शुरू कर सकते थे। चूंकि बीस साल पूरे होने जा रहे हैं। इस वास्ते मैंने संशोधन रखा है कि 22 साल आप कर दें।

**श्री कृष्ण चन्द्र पन्त**: जो व्यवस्था इस वक्त है उसी को यहां भी अपनाया गया है। अब हिमाचल प्रदेश के लोग भी जो चाहेंगे वह करेंगे। इस क्लाज के पीछे यही मतलब है।

MR. SPEAKER : I shall put amendment No. 13 to the vote of the House.

*Amendment No. 13 was put and negatived.*

MR. SPEAKER : I shall put Clauses 46 and 47 to the vote of the House.

The question is :

"That Clauses 46 and 47 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clauses 46 and 47 were added to the Bill.*

**Clause 48 (Amendment of Act 20 of 1963)**

*Amendment made* :

At page 16, in line 18, for the word "In", the words "On and from the appointed day, in" shall be *substituted.*" (46)

( Shri K. C. Pant )

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clause 48, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 48, as amended, was added to the Bill.*

**Clasuse 48 (Continuances of existing laws and their adaptation)**

MR. SPEAKER: Is Shri Shiva Chandra Jha moving his amendments Nos. 14 and 15 to Clause 49 ?

SHRI SHIVA CHANDRA JHA : I move:

Page 16, line 24,

—*for* "a competent"

*substitute* "its" (14)

Page 16, lines 31 and 32,

—*for* "a competent" *substituted* "its" (15)

क्लाज 49 की सब क्लाज 1 और 2 में हम कम्पीटेंट लैजिस्लेचर की बात करते हैं। इसमें हमने कहा है :

"All laws in force, immediately before the appointed day, in the existing Union territory of Himachal Pradesh....amended by a competent Legislature......"

कम्पीटेंट लैजिस्लेचर का क्या मतलब है ? लैजिस्लेचर हमेशा कम्पीटेंट होती है। आपके कहने का यह अर्थ निकलता है कि वह इन-कम्पीटेंट है। यह एक रिफलैक्शन है लैजिलेचर पर, उसपर एक टिप्पणी है। जो इलैक्टिड बाडी है, यदि आपका जनतंत्र में विश्वास है तो वह कम्पीटेंट ही होगी। आगे चलकर सब क्लाज 2 में भी आपने कम्पीटेंट आथोरिटी की बात कही है। जब आप कम्पीटेंट कहते हैं तो आप उसपर रिफलैक्शन करते हैं, उसको आप बिलिटल करते हैं, उसको लोअर डाउन करते हैं, जो अच्छा नहीं है। इस वास्ते मेरी ये दो एमेंडमेंट्स हैं जिनको आप मान लें।

SHRI K. C. PANT : My Hon. friend proceeds on the assumption that the power to amend the existing laws can only be exercised by the Assembly of the State of Himachal Pradesh. He seems to forget that there are laws relating to the Union list also which are in force in H. P. which cannot be amended by the State Legislature.

MR. SPEAKER : I shall now put amendment No. 14 to the vote of the House.

*Amendment No. 14 was put and negatived.*

MR. SPEARER : I shall now put amendment No. 15 to the vote.

*Amendment No. 15 was put and negatived.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That Clause 49 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 49 was added to the Bill.*

*Clauses 50 to 54 were added to the Bill.*

MR. SPEAKER : The main hurdles are over now. Now, the First Schedule. To save time, it is much better that both the amendments are put together.

**First Schedule**

*Amendments made* :

"At page 17, in line 31, for the words and figure 'In paragraph 4', the following shall be *substituted* :—

'In paragraph 2, for the figure. "XIII", the figure "XIV" shall be substituted, and in paragraph 4' (47)

At page 17, in line 42, for the brackets and letter "(a)", the brackets and letter "(b)" shall be *Substituted.* (48)

(Shri K. C. Pant)

MR. SPEAKER : The question is :

"That the First Schedule, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The First Schedule, as amended, was. added to Bill.*

*The Second Schedule was added to the Bill.*

**Third Schedule**

*Amendments made :*

At page 20, in line 21, for the words and figure 'In paragraph 3', the following

[Mr. Speaker]

shall be *substituted* :—

'In paragraph 2, for the figure "XII", the figure "XIII" shall be substituted, and in paragraph 3' (49)

At page 20, in line 32, for the brackets and "(a)", the brackets and letter "(b)" shall be *substituted.* (50)

(Shri K. C. Pant)

MR. SPEAKER : These are certain procedural forms. They could be put together. There is no difference of opinion in the House. I think these little procedural difficulties can be got over.

The question is :

"That the Third Schedule, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Third Schedule, as amended, was added to the Bill.*

MR. SPEAKER : The question is :

"That the Fourth Schedule stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*The Fourth Schedule was added to the Bill.*

*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI K. C. PANT : I beg to move :

"That the Bill, as amended, be passed."

MR. SPEAKER : The question is :

"That the Bill, as amended, be passed."

*The motion was adopted.*

MR. SPEAKER : I think I must congratulate you all ; and all the Himachal Pradesh MPs are happy now.

SHRI PREM CHAND VERMA : Yes, Sir.

**19.35 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday, December 16, 1970/ Agrahayana 25, 1892 (Saka).*